Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 210 रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

पुतिन से यूक्रेन संकट पर बोले पीएम मोदी- 'उम्मीद है कि दुनिया फिर शांति की राह पर लौटेगी

यूक्रेन पर पुतिन का बयान, 'हम डील पर काम कर रहे हैं, अमेरिका भी शामिल है'

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा शुक्रवार को अपने औपचारिक और कूटनीतिक चरम पर पहुंच गई है. गुरुवार रात पीएम आवास पर निजी डिनर के जरिए शुरू हुई यह यात्रा आज सुबह राष्ट्रपति भवन में पूरे राजकीय सम्मान के साथ आगे बढ़ी. राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में पुतिन का सेरेमोनियल वेलकम हुआ, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया. मुख्य गेट पर राष्ट्रपति अंगरक्षक दल और घुड़सवारों की सलामी, उसके बाद 21 तोपों की गूंज, और फिर तीनों सेनाओं की औपचारिक सलामी से स्वागत हुआ. इस पूरे समारोह ने भारत-रूस संबंधों की ऐतिहासिक गहराई को एक बार फिर दिखाया है. पुतिन ने परेड का निरीक्षण किया और भारतीय सैन्य टुकड़ियों से मुलाकात कर सम्मान सलामी स्वीकार किया. हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी का मुझे आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद करता हूं. रूस यूक्रेन के साथ एक शांतिपूर्ण समाधान पर काम कर रहा है. भारत और रूस का रिश्ता भरोसे पर टिका है. दुनिया तभी आगे बढ़ेगी जब हम शांति के रास्ते पर चलेंगे.' पुतिन ने यह भी कहा कि वह भारत के उन प्रयासों की सराहना करते हैं जो यूक्रेन में शांति स्थापित करने और संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं. उन्होंने यह भी कहा कि रूस अमेरिका के साथ मिलकर भी शांति स्थापित करने में लगा है. उनके बयान से साफ है कि शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका रूस के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है।

इसके बाद औपचारिक परिचय का दौर चला, जिसमें भारत की ओर से मंत्रियों और अधिकारियों से पुतिन का परिचय कराया गया. फिर पुतिन ने अपने कैबिनेट और शीर्ष अधिकारियों से राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी का परिचय कराया. समारोह के अंत में तीनों नेता साथ दिखाई दिए, जिसके बाद पुतिन अगले चरण की ओर रवाना हुए. अब पुतिन राजघाट के लिए निकल चुके हैं, जहां वह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे. यह कार्यक्रम हर राजकीय यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है और पुतिन की यात्रा में भी इसकी खास अहमियत है. दिल्ली इस वक्त पुतिन के स्वागत में सजी हुई है. तीन मूर्ति मार्ग से लेकर राष्ट्रपति भवन और राजघाट तक रूसी और भारतीय झंडों से पूरा क्षेत्र सजा है. वैश्विक स्तर पर इस यात्रा को भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक संदेश माना जा रहा है. कुछ ही देर में पुतिन और पीएम मोदी हैदराबाद हाउस में वार्ता शुरू करेंगे, जिसमें रक्षा खरीद, ऊर्जा, 2030 तक 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य, भारतीय निर्यात बढ़ाने और कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी. दोनों देशों के बीच 10 सरकारी समझौते और 15 से अधिक कारोबारी डील साइन होने की भी संभावना है.

यूक्रेन संकट पर बोले पीएम मोदी,- भारत न्यूट्रल नहीं, हम शांतिके पक्ष में: पुतिन-मोदी मीटिंग हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन संकट को लेकर अपनी स्पष्ट राय रखी. पुतिन भारत यात्रा लाइव हैदराबाद हाउस में अपनी शुरुआती टिप्पणी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूक्रेन संकट शुरू होने के बाद से भारत और रूस लगातार संपर्क में रहे हैं और मॉस्को ने हर चरण की जानकारी नई दिल्ली को भरोसे के साथ साझा की है. भारत न्यूट्रल नहीं है, भारत शांति के पक्ष में है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि उन्हें भरोसा है कि विश्व एक बार फिर शांति की दिशा में लौटेगा, और संवाद के रास्ते समाधान निकलेंगे. उनकी यह टिप्पणी मौजूदा वैश्विक हालात और आज की भारत-रूस वार्ता के कूटनीतिक महत्व को और रेखांकित करती है।

महात्मा गांधी को लेकर पुतिन ने क्या लिखा ?: महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के तुरंत बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक विशेष संदेश साझा किया. उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि आधुनिक भारत राष्ट्र के संस्थापकों में से एक, महान और मानवतावादी महात्मा गांधी ने दुनिया में शांति स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया. पुतिन के अनुसार गांधीजी की स्वतंत्रता, सदाचार और मानवता की विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उनके समय में थी. पुतिन ने कहा कि गांधी ने एक नए, अधिक न्यायपूर्ण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की कल्पना की थी, और आज वही व्यवस्था आकार ले रही है. उन्होंने याद दिलाया कि गांधीजी और रूसी दार्शनिक लियो टॉल्स्टॉय के बीच पत्राचार में भी एक ऐसी दुनिया की चर्चा होती थी, जो समानता, पारस्परिक सम्मान और बिना प्रभुत्व के सिद्धांतों पर आधारित हो।

पुतिन राजघाट पहुंचे, महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस समय राजघाट पहुंच गए हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. उनकी अगवानी विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने की और उन्हें पूरे सम्मान प्रोटोकॉल की जानकारी भी दी.राजघाट पर पुतिन ने सबसे पहले रूसी झंडे के रंगों से सजे चक्र को समाधि स्थल पर चढ़ाया और सिर झुकाकर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने उन्हें बताया कि समाधि पर गुलाब की पंखुड़ियां अर्पित की जाती हैं, जिसके बाद पुतिन ने पंखुड़ियां चढ़ाकर गांधीजी को नमन किया।

दिल्ली एयरपोर्ट से आज आधी रात तक इंडिगो की सभी उड़ानें रद्द

यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। दिल्ली समेत देशभर के हवाई अड्डों पर इंडिगो एयरलाइंस की संचालन से जुड़ी समस्याओं के चलते हजारों यात्री परेशान हैं। इसी बीच दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आज आधी रात तक इंडिगो एयरलाइंस की सभी प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि 5 दिसंबर 2025 को दिल्ली एयरपोर्ट से जाने वाली इंडिगो की डोमेस्टिक फ्लाइट्स आज आधी रात तक (रात 23:59 बजे तक) कैंसिल कर दी गई हैं। बाकी सभी एयरलाइंस का ऑपरेशन तय समय के मुताबिक ही रहेगा। आगे कहा कि हमारी डेडिकेटेड ऑन-ग्राउंड टीमें इस रुकावट को कम करने और पैसेंजर्स को आरामदायक अनुभव देने के लिए सभी पार्टनर्स के साथ मिलकर पूरी लगन से काम कर रही हैं। जिन यात्रियों को किसी भी मेडिकल मदद की जरूरत है, वे हमारे ग्राउंड स्टाफ या हेल्प डेस्क या टी3 डोमेस्टिक पियर जंक्शन पर सेल्फ मेडिकेशन रूम, टी2 में पोस्ट सिक्योरिटी सेल्फ मेडिकेशन रूम और टी1 पर डिपार्चर मेडिकल सेंटर में मेडिकल स्टाफ से संपर्क कर सकते हैं।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के लिए उड़ानें रद्द होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। खराब मौसम, क्रू की कमी और अन्य परिचालन संबंधी दिक्कतों के चलते इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें लगातार रद्द हो रही हैं, जिससे देशभर के हवाई अड्डों पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों के रद्द होने का सबसे ज्यादा असर देखा जा रहा है। बीते दिन इंडिगो ने देशभर में 400 से अधिक उड़ानें रद्द की। शुक्रवार को अकेले 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें दिल्ली हवाई अड्डे पर 200 से अधिक, बेंगलुरु में 100 से अधिक और हैदराबाद में 90 से अधिक उड़ानें शामिल थीं। इसके अलावा, देश के अन्य हवाई अड्डों पर भी बड़ी संख्या में उड़ानों में देरी हुई है।

इंडिगो की विफलता सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमतः राहुल गांधी

इंडिगो परिचालन संकट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। एक ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा, इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर आम भारतीयों को देरी, उड़ानों के रद्द होने और असहाय महसूस करने के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है, न कि मैच फिक्सिंग वाला एकाधिकार।

इंडिगो ने गुरुवार को 550 से ज्यादा उड़ानें रद्द कीं और शुक्रवार को 400 उड़ानें रद्द की गईं। इसके कारण सैकड़ों यात्रियों की यात्रा की योजना प्रभावित हुई। इंडिगो ने गुरुवार को डीजीसीए को बताया कि उनकी उड़ानें 10 फरवरी, 2026 तक पूरी तरह से सामान्य हो जाएंगी।

ट्रैक्टर पलटने से दो नाबालिगों की मौत, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल

कवर्धा, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां सिंघनपुरी जंगल थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो नाबालिगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक का इलाज जारी है। यह घटना बिडोरा और सिंघनपुरी के बीच हुई है। बताया जा रहा है कि सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण ट्रैक्टर पलट गया। मृतकों की पहचान योगेश नेताम और कैलाश वर्मा के रूप में हुई है। दोनों निवासी अमलीडीह गांव के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में पिछले कुछ दिनों में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो चुकी है।



ब्रेकिंग न्यूज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत 113 के खिलाफ मामला दर्ज, दीप जलाने के लिए जबरन कर रहे थे पहाड़ी पर चढ़ाई

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। पुलिस ने शुक्रवार को तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और पार्टी के वरिष्ठ नेता एच राजा समेत 113 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन सभी ने चार दिसंबर को तिरुपनरनकुंद्र पहाड़ी की चोटी पर दीप जलाने के लिए आयोजित एक प्रदर्शन में भाग लिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दीप स्तंभ तिरुपरमकुंद्रम की छोटी पहाड़ी पर एक दरगाह के पास स्थित है। इन सभी के खिलाफ सार्वजनिक शांति भंग करने और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि नागेंद्रन और राजा उन लोगों में शामिल थे, जिन्हें पुलिस ने कल रात कुछ घंटों के लिए हिरासत में लिया था। उन्हें गुरुवार रात करीब 11.20 बजे रिहा किया गया। मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीप प्रज्वलित करने का आदेश दिया था। मदुरै पीठ ने चार दिसंबर को जिला प्रशासन की ओर से क्षेत्र में निषेधाज्ञा के आदेश के भी रद्द कर दिया था।

सुकमा में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूट, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

सुकमा, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सुकमा में शुक्रवार शाम नकाबपोश बदमाशों ने दुर्गा ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर दुकान कर्मचारियों को धमकाया और कीमती आभूषण लेकर भागने लगे। इसी बीच आसपास मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि दो आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने जिले की सीमाओं को सील कर दिया और फरार आरोपियों की तलाश के लिए नाकेबंदी शुरू कर दी। पुलिस की कई टीमें विभिन्न दिशाओं में रवाना की गई हैं। सुकमा एसपी किरण सिंह और एसडीओपी घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। गिरफ्त में आए आरोपी से पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार फरार बदमाशों के पास हथियार होने की आशंका है। शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। लूट की घटना के बाद कोंटा पुलिस हाई-अलर्ट पर है। नगर में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी रास्तों तक पुलिस की कड़ी निगरानी की जा रही है और प्रत्येक वाहन की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार दोनों आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चेन्नई मॉडल का अनुभव रायपुर में स्लीपर कोच में मिलेगा तकिया-चादर

एसी कोच में लगेंगे फायर-डिटेक्शन सिस्टम, नए साल से शुरू हो सकती है सर्विस

रायपुर, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल की तर्ज पर अब रायपुर रेल मंडल भी स्लीपर क्लास के यात्रियों को चादर और तकिया (बेडरोल) उपलब्ध कराने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए चेन्नई मंडल के अधिकारियों के साथ आइडिएशन और प्लानिंग पर चर्चा जारी है। यदि सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी हो गईं तो यह सुविधा नए साल से शुरू की जा सकती है। शुरुआती चरण में कुछ चुनिंदा ट्रेनों में ही यह सर्विस लागू होगी। रेलवे इस संबंध में जल्द आधिकारिक घोषणा करेगा। इसी के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एसी कोचों में एडवांस फायर डिटेक्शन सिस्टम और गार्ड वैन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर लगाने की तैयारी कर रहा है। ये सुविधाएं फिलहाल केवल हमसफर एक्सप्रेस में उपलब्ध थीं, लेकिन अब यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन्हें अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जाएगा।



इससे पहले दक्षिण रेलवे के चेन्नई मंडल ने 1 जनवरी 2026 से स्लीपर क्लास यात्रियों को भी साफ-सुथरा और सैनिटाइज बेडरोल उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। गौरतलब है कि अब तक बेडरोल की सुविधा सिर्फ.ष्ट कोचों में दी जाती थी, जिसमें चादर, कंबल, तकिया और टॉवल शामिल होता है और इसकी कीमत टिकट में जोड़ दी जाती थी। पहली बार इंडियन रेलवे स्लीपर क्लास के यात्रियों के लिए भी यह सुविधा शुरू कर रहा है। इस सेवा के लिए अलग से शुल्क लिया जाएगा। चेन्नई डिवीजन में तय किराए के अनुसार, यात्री कोच अटेंडेंट को भुगतान कर बेडरोल सेट प्राप्त कर सकते हैं, और संभव है कि रायपुर मंडल में भी यही मॉडल अपनाया जाए। आपको बता दें रेलवे ने स्लीपर कोच में बेडरोल की सुविधा के लिए अलग से चार्ज तय किए हैं. इनमें 20 रुपये से लेकर 50 रुपये तक के चार्ज हैं. अगर आप सिर्फ 20 रुपये देना चाहते हैं. तो आपको सिर्फ चादर ही मिलेगी. कंबल और तकिया और पिलो कवर इसके साथ नहीं मिलेगा।

देवेंद्र नगर थाने में अमित बघेल ने किया सरेंडर

रायपुर, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। अग्रवाल समाज के महापुरुष अग्रसेन महाराज और सिंधी समाज के आराध्य को लेकर विवादित बयान देने के बाद फरार छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल शुक्रवार को सरेंडर करने देवेंद्र नगर थाना पहुंचे हैं। अमित बघेल के सरेंडर करने की खबर पर थाना के बाहर उनके समर्थकों की भारी भीड़ जमा हो गई है। जानकारी के अनुसार क्रांति सेना घासीदास प्लाजा से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालेगी। सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल को पुलिस ने कुछ दिनों पहले भगोड़ा घोषित किया था। साथ ही उनकी जानकारी देने वाले पर 5000 रुपए का इनाम भी घोषित किया था। अग्रवाल समाज के विरोध प्रदर्शन के बाद कई राज्यों में अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

शादी समारोह में गया परिवार, घर से पार हुए नगदी सहित एक करोड़ के जेवरात

पिथौरा, 5 दिसंबर (हाईवे चैनल)। चोर कितने शातिर हो गए हैं, इस बात का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि इधर परिवार के तमाम सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए, और उधर ताक लगाए चोरों ने घर में धावा बोलकर 25 लाख रुपए नगदी सहित एक करोड़ के सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिया.

जांच में जुटी पुलिस

मामला महासमुंद जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बल्दीडीह का है. गांव में निवासरत योगेश अग्रवाल परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए रायपुर गए थे. वहीं घर को सूना देख चोरों ने धावा बोलकर 25 लाख नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण ले उड़े. चोरी की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना मिलते ही सायबर सेल एवं सांकरा पुलिस मौके पर पहुंच कर पड़ताल में जुट गई. एडिशनल एसपी प्रतिभा तिवारी ने बताया कि घटना स्थल की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है. फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है. फोरेंसिक की टीम, डॉग स्काड की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की दी है. आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जा रहा है. जल्द ही आरोपी सलाखो के पीछे होंगे।

रेपो रेट घटा, लोन सस्ते होंगे, वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया गया

नई दिल्ली, 5 दिसंबर (न्यूज चैनल)। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अपनी पांचवीं मौद्रिक नीति बैठक (एमपीसी) के नतीजों का एलान कर दिया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को न केवल रेपो रेट में कटौती कर कर्जदारों को राहत देने की खबर दी, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर एक बेहद शानदार तस्वीर भी पेश की है। केंद्रीय बैंक के मुखिया मल्होत्रा मौजूदा स्थिति को गोल्डीलॉक्स काल बताया है। अर्थशास्त्र की भाषा में यह वह स्थिति होती है जब इकोनॉमी में न तो बहुत ज्यादा तेजी होती है और न ही बहुत अधिक मंदी, बल्कि सब कुछ बिल्कुल सही संतुलन में होता है।

ब्याज दरों में कटौती से लोन की घट सकती है ईएमआई: गवर्नर को उम्मीद है कि रेपो रेट में किए गए बदलाव का असर लंबी अवधि की ब्याज दरों पर भी पड़ेगा। आसान शब्दों में कहें तो, आरबीआई द्वारा सस्ता किए गए कर्ज का फायदा बैंक अब होम लोन या बिजनेस लोन की ब्याज दरें घटाकर ग्राहकों को दे सकते हैं।

यदि किसी ने 50 लाख रुपये का लोन 8.5 प्रतिशत की ब्याज दर से 20 साल के लिए लिया है और आरबीआई यदि 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा करती है तो उसकी ईएमआई कम हो जाएगी, जैसे कि पुराने ब्याज दर 8.5 प्रतिशत पर 43,391 रुपये की ईएमआई देनी पड़ती है, और ब्याज दरों पर कटौती के बाद नई ब्याज 8.25 प्रतिशत पर 42,603 रुपये हो जाएगी, जिसमें महीने में 788 रुपये की बचत और साल भर में 9,456 रुपये की बचत होगी। यदि आप ने 5 लाख रुपये का कार लोन 12 प्रतिशत की ब्याज दर पर लिया है तो 11,282 रुपये पुरानी ईएमआई पर देने पड़ रहे हैं, यदि कटौती हुई तो कार लोन की नई ईएमआई 11,149 रुपये होगी। जिसमें 133 रुपये महीने के और साल भर में 1,596 रुपये की बचत होगी।

भारतीय इकोनॉमी का गोल्डीलॉक्स मूमेंट: आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8 प्रतिशत की जीडीपी ग्रोथ और कम होती महंगाई दर एक आदर्श स्थिति है। इसे उन्होंने गोल्डीलॉक्स काल कहा है। इसका मतलब है कि भारत तेज विकास की पटरी पर है और महंगाई भी काबू में है, जो भविष्य के लिए बहुत अच्छा संकेत है।

जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया: अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए आरबीआई ने पूरे वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ा दिया है। आरबीआई ने पूर्व में 6.8त्न की वृद्धि दर का अनुमान जताया था। अब इसे बढ़ाकर 7.3त्न कर दिया गया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में जारी तेजी से विकास दर अनुमान से बेहतर रहेगी।

महंगाई के मोर्चे पर बड़ी जीत: आम आदमी के लिए सबसे अच्छी खबर महंगाई के मोर्चे पर है। गवर्नर ने कहा कि अक्टूबर के बाद से महंगाई में तेजी से गिरावट आई है। नए अनुमानों में आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 2.6त्न से घटाकर अब सीधा 2त्न कर दिया है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में आपकी जेब पर बोझ और कम हो सकता है।

पॉलिसी का रुख-'न्यूट्रल': तीन दिन तक चली बैठक में एमपीसी ने सर्वसम्मति से अपना रुख न्यूट्रल या तटस्थ रखने का फैसला किया है। इसका मतलब यह है कि आरबीआई अब सिर्फ महंगाई को रोकने पर ही फोकस नहीं कर रहा, बल्कि वह ग्रोथ को भी सपोर्ट करने के लिए तैयार है। यह भविष्य में ब्याज दरों में और कमी या स्थिरता का संकेत देता है।